an>

Title: Need to take steps to ensure facilities and safety of commuters in local trains in Mumbai.

श्री राजन विचारे (ठाणे) : माननीय अध्यक्ष महोदया, मैं इस सदन का ध्यान एक महत्वपूर्ण विषय की ओर आकर्षित करना चाहता हूं जिसका सीधा सम्बन्ध मुम्बई की लाइफ लाइन लोकल ट्रेनों से है। उनमें 60 लाख यात्री प्रतिदिन सफर करते हैं। मुम्बई की लाइफ लाइन कही जाने वाली लोकल ट्रेन्स लगातार दुघर्टनाओं के कारण डेथ लाइन बन कर रह गई हैं। वर्ष 2014 की दुघर्टनाओं में मारे गए और घायल हुए लोगों की संख्या 3000 से भी अधिक है। मैं मध्य रेलवे के ठाणे संसदीय क्षेत्र से निर्वाचित होकर आया हूं तथा कुर्ला रेलवे स्टेशन पर रेल दुर्घटनाओं में सबसे ज्यादा मौतें हुई हैं।...(व्यवधान) हर स्टेशनों पर कम से कम 8 दुर्घटनाएं होती हैं। मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी निवेदन करता हूं कि मुम्बई के यात्रियों की सुविधाओं और यात्रा के दौरान उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने की ओर ध्यान दें।